# भगत सिंह, राजगुरू, सुखदेव को पुष्पांजलि अर्पित

भरतपुर । भारत स्वाभिमान पतंजलि योग समिति के मुख्य संयोजक एवं राज्य कार्यकारिणी सदस्य वीरीसिंह कुंतल के नेतृत्व में शहीदे आजम भगत सिंह, राजगुरू, सुखदेव के बलिदान दिवस के अवसर पर नेहरू पार्क के पास स्थित शहीद स्थल पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। बलिदानियों को शत-शत नमन किया गया एवं भारत माता की जय, वन्दे मातरम्, इंकलाब जिन्दाबार के नारे लगाये गये।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं समाजसेवी गिरधारी तिवारी ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज समाज के कुछ असामाजिक तत्व देश को जाति धर्म में बांटकर विद्रोह एवं अशांति पैदा करना चाहते हैं। हमको इनसे सावधान रहने की जरूरत है, बलिदानियों को श्रद्धांजलि दी गई तथा युवाओं को भगत सिंह से प्रेरणा लेनी चाहिये। कुंतल ने बताया कि भगत सिंह का जन्म 28 सितम्बर 1907 को जिला लाइकपुर के गांव बंगा-पाकिस्तान में हुआ था इनके पिता सरदार किशनसिंह संधु एवं मां विद्यावती थीं। सुखदेव का जन्म पंजाब के लुधियाना में 15 मई 1907 को तथा राजगुरू का जन्म 24 अगस्त 1908 को पुणे जिले के खेडा ग्राम में हुआ था। ब्रिटिश सरकार भारत के नागरिकों के विरूद्ध दो बिल ला रही थी । सरदार भगत सिंह ने इनके विरोध में उसको पास नहीं होने दिया तथा 8 अप्रेल 1929 को दिल्ली विधानसभा में बंम फैंका और स्वयं गिरफ्तार हो गये। भारत के देशवासियों को उन्होंने इंकलाब जिन्दाबाद का नारा दिया तथा पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी गंगो सिंह के द्वारा भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरू के जीवन तथा जेल यात्रा के बारे में प्रकाश डाला। ब्रिटिश सरकार द्वारा इन तीनों की फांसी 24 मार्च 1931 नियत की गई थी, लेकिन जनता के विद्रोह के डर की वजह से 23 मार्च 1931 को इन तीनों को सायं को 7.33 बजे फांसी दे दी गई। कार्यक्रम में गिरधारी तिवारी, गंगो सिंह, डॉ. सतीश पाराशर, उत्तम सिंह, जल सिंह फौजदार, शिवदत्त तेनगुरिया, ओमवीर सिंह, भूप सिंह, आचार्य विश्वपाल सिंह, राजवीर सिंह, मनीराम, धीरेन्द्र सिंह बिल्लू, चंदर सिंह, चन्द्रभान गुप्ता, हीरासिंह आर्य, केशव सिंह, जयदेव सिंह मदेरणा, नरेश, मानसिंह अनाह आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



**राज्य कार्यकारिणी सदस्य वीरीसिंह कुंतल के नेतृत्व में शहीदे आजम भगत सिंह, राजगुरू, सुखदेव के बलिदान दिवस के अवसर पर उनके स्मारक पर पुष्पाजंलि अर्पित की।**

- **समाज के कुछ असामाजिक तत्व देश को जाति धर्म में बांटकर अशांति पैदा करना चाहते हैं।**

## देश के वीर शहीदों को किया नमन

भरतपुर । श्री हनुमान मंदिर भूरी सिंह व्यायामषाला पर देष के महान क्रान्तिकारी वीर सपूतों षहीदे आजम भगत सिंह, सुखदेव व राजगुरू के 94वें बलिदान दिवस पर उनके चित्रों पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए व्यायामषाला के संचालक व जिला कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष चुन्नी कप्तान ने कहा कि देश को आजाद कराने में देष के क्रान्तिकारी वीरों का जो योगदान रहा है उसको भुलाया नहीं जा सकता। इस अवसर पर पूर्व सासंद पं. रामकिशन ने कहा कि शहीदे शहीदे आजम सरदार भगत सिंह, सुखदेव व राजगुरू ने हंसते हुए फांसी के फन्दे को चूमा। देश के युवाओं को उनके विचारों से प्रेरणा लेनी चाहिए, 23 मार्च 1931 को आधी रात में लाहोर जेल में उन्हें फांसी दे दी गई । कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस महासचिव धर्मेन्द्र शर्मा, डॉ. दयाचंद पचोरी, बाबू सिंह रेंजर, राजाराम भूतोली, रमेश पाठक, रामेश्वर सैनी, ब्रजेन्द्र चीमा, वशीर खान, अवधेश शर्मा, जगत सिंह धरसोनी, संदीप प्रजापत, राघवेन्द्र सिंह फौजदार, बलवीर सिंह, रमेश सतीजा, अर्जुन मलाह, मनन मौजूद रहे।

## सार-समाचार

### राजस्थान टीम उडीसा में दिखाएंगी दमखम

करौली । कटक उड़ीसा में 25 से 29 मार्च तक होने वाली 48वीं सीनियर राष्ट्रीय टेनिकाइट प्रतियोगिता (पुरुष व महिला) में राजस्थान की पुरुष एवं महिला टीमें भाग लेगी। राजस्थान राज्य टेनिकॉइट संघ के संयुक्त सचिव महेश सिंह गुर्जर ने बताया कि दोनों टीमें पूरी तैयारी के साथ जा रही है। इनका प्रशिक्षण शिविर करौली-हिण्डौन सडक मार्ग स्थित गॉव रोंडकलाँ में लगाया गया था।राजस्थान टीम पुरुष वर्ग मे तेज बहादुर कप्तान,रामगोपाल उपकप्तान, मलखान सिंह, रामराज, सुरेंद्र गुर्जर, लक्ष्मण सिंह, कोच कम मैनेजर अवधेश सिंह गुर्जर रौडंकला। महिला वर्ग टीम मे बुलबुल गुर्जर कप्तान, गुनगुन पांडे उपकप्तान, सपना, राजकुमारी जोगी, अंजना कसाना, कोच कम मैनेजर विनोद सिंह गुर्जर चांदन गांव होंगे।

### सड़क पर पड़े सामान की जप्ती

करौली । नगर परिषद आयुक्त प्रेमराज मीना ने बताया कि नगर परिषद करौली द्वारा अतिक्रमण की कार्यवाही के दौरान जो भी सामठाी जप्त नहीं कि गई थी उसको दुकान, मकान अथवा सम्बंधित प्रतिष्ठान मालिकों द्वारा अभी तक नहीं हटाया गया है। उन्होंने आमजन को सूचित किया है कि 24 घण्टे के अन्दर-अन्दर वे अपना सामान अपने-अपने प्रतिष्ठानो के अन्दर रख ले अन्यथा अवधि समाप्त होने के बाद नगर परिषद द्वारा उक्त प्रतिष्ठानों के बाहर सड़क सीमा में पड़े हुए सामान को जप्त करने की कार्यवाही की जावेगी। साथ ही पुन: अतिक्रमण करने वाले व्यक्ति अथवा प्रतिष्ठान मालिक का सामान जब्त किया।

### गणगौर खेल रही है महिलाएं और युवतियां

करौली । आगामी दिनों में गणगौर का पर्व आने वाला है जिसको देखते हुए महिलाएं और युवतिया ई'र गणगौर बनकर खेलती नजर आती हैं । करौली जिला मुख्यालय पर इन दिनो बाजारों में छोटे-छोटे बच्चे दूल्हा दुल्हन कि ई'र गणगौर का रूप धारण किए लोगों से भेट स्वरूप राशि ले नजर आ रहे है वही कॉलोनी की महिलाएं सामूहिक रूप से एकत्रित होकर गणगौर पर्व से पूर्व आई आई रे गणगौर खेलती नजर आ रही है इस दौरान शनिवार को गुलाब बाग में आशा बजाज के नेतृत्व में सुमन लता, रेखा, नेहा, जया, सुनीता, सरिता, अलका, रीना आदि महिलाओं ने गणगौर पर्व खेलते हुए पूजा अर्चना कि।

### देववृत मीणा बने अध्यक्ष

करौला । जिला मुख्यालय करौली पर कानूनगो संघ कि जिला कार्यकारिणी का निर्विरोध निर्वाचन सम्पन्न हुआ। चुनाव अधिकारी महेन्द्र पाराशर भू अभिलेख निरीक्षक जिला भरतपुर व शेरसिंह मीना भू अभिलेख निरीक्षक जिला सवाईमाधोपुर द्वारा चुनाव संपन्न कराया गया। निर्वाचन के दौरान सर्वसम्मति से जिलाध्यक्ष पद पर देवव्रत मीना, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर विजय सिंह जाटव, उपाध्यक्ष पद पर बत्तीलाल मीना, जिला मंत्री पद पर शिवराम मीना, संगठन मंत्री पद पर मानसिंह मीना एवं कोषाध्यक्ष पद पर विजयराज मीना सर्वसम्मति से निर्विरोध निर्वाचित हुए। निर्वाचन के उपरांत जिला महासमिति कि बैठक का आयोजन किया गया जिसमें सभाध्यक्ष पद हेतु निर्वाचन के दौरान कोई भी आवेदन प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अब्दुल सत्तार को सर्वसम्मति से सभाध्यक्ष मनोनीत किया गया।

### एबीवीपी ने दिया ज्ञापन

हिण्डौन सिटी । शनिवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा राजकीय महाविद्यालय हिण्डौन प्राचार्य को ज्ञापन दिया नगर छात्रा प्रमुख कुंजल सैनी ने बताया कि सत्र 2023 24 की स्कूटी वितरण में हो रही दे रही है उसे छात्राओं में काफी रोष है साथ ही कन्या महाविद्यालय इकाई अध्यक्ष अनुष्का सैन ने बताया कि स्कूटी देरी होने से छात्राओं को समस्या का सामना करना पड़ रहा है ।

# अंबेडकर जयंती पर निकलेगी शोभायात्रा

- **सांसद भजन लाल जाटव होंगे मुख्य अतिथि, विधायक अनीता यादव करेंगी कार्यक्रम की अध्यक्षता**
- **जाटव बगीची में हुई बैठक में लिया निर्णय**

हिंडौन सिटी। संविधान निर्माता डॉ. बी आर अंबेडकर की जयंती समारोह की तैयारी को लेकर रविवार को बयाना रोड पर जाटव बगीची में बैठक हुई। जिसमें 14 अप्रैल को अंबेडकर जयंती के अवसर पर भव्य शोभायात्रा निकालने का निर्णय लिया गया। शोभा यात्रा के दौरान सात झांकियां सजाने, बैंड बाजे से अतिथियों का स्वागत करने पर विचार किया। आयोजन समिति के अमर सिंह बाबा ने बताया कि जयंती समारोह में सांसद भजनलाल जाटव मुख्य अतिथि होंगे। जबकि अध्यक्षता विधायक अनीता जाटव करेंगी। विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर परिषद सभापति बृजेश जाटव एवं पंचायत समिति प्रधान विनोद जाटव व श्री महावीर जी प्रधान राजेश देवी जाटव होंगी । इससे पहले जयंती की पूर्व संध्या पर दिनांक 13 अप्रेल को जाटव छात्रावास में सर्व समाज की संगोष्ठी होगी। बैठक में रिटायर्ड जिला शिक्षा अधिकारी ताराचंद जाटव अधिवक्ता शांतिलाल करसोलिया, पूरणमल जाटव संतराम वर्मा प्रेम सिंह नोनिया, फूल सिंह जाटव आदि मौजूद रहे।

## बाटर कूलर लगाया

करौली । सेवानिवृत शिक्षक बूटी लाल प्रजापति बामनपुरा एवं उनके पुत्र महेश चंद प्रजापति नर्सिंग ऑफिसर सामान्य चिकित्सालय करौली ने गर्मी के मौसम को देखते हुए कैलादेवी मेले के यात्रियों एवं आमजन को शीतल जल उपलब्ध कराने के लिए कैलादेवी करौली मार्ग पर प्रजापति जनरल स्टोर बामनपुरा करसाई में लगभग 50हजार की लागत का बाटर कूलर स्थापित किया है।

उनके इस पुनीत कार्य के लिए दक्ष प्रजापति विकास संस्थान करौली के सचिव गंगाराम प्रजापत ने सामाजिक सरोकारों के तहत पुनीत कार्य करने पर महेश चंद प्रजापत को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है बाटर कूलर के संक्षिप्त शुभारंभ कार्यक्रम में महेंद्र प्रजा,राम भरोसी प्रजापति कैलादेवी धर्मशाला अध्यक्ष,सहित कई गणमान्य लोगों उपस्थित रहे।

# कथा में बालकृष्ण लीलाओं का चित्रण किया

गंगापुर सिटी । विजय पैलेस में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के पंचम दिवस रविवार को राष्ट ीय संत परम पूज्य डॉ, संतोष दास महाराज के मुखारविंद से बाल कृष्ण लीलाओं का भजनों के माध्यम से चित्रण किया गया। विजय पैलेस में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड देखी गई। कथा का आयोजन मांगीलाल, रूपचंद और प्रेमचंद अग्रवाल तलवाडा की ओर से किया गया। राष्ट ीय संत आचार्य डॉ. संतोष दास महाराज ने श्री कृष्ण जन्म और उनकी बाल लीलाओं का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने कहा कि जीवन में मन और चित्त में परमात्मा का ध्यान रखना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि बचपन में भजन का महत्व है और बच्चों को भजन और ध्यान का संस्कार देना जरूरी है। नंद बाबा के घर में उत्सव मनाने का बखान करते हुए कहा कि नंद बाबा ने सभी ब्राह्मण ऋषियों को नेता देकर भगवान का जात कर्म संस्कार कराया इस मौके पर नंद बाबा ने हीरे जवाहरात सप्तधान के पहाड लगा दिये और दान दिया देवता भी भेष बदलकर नंद उत्सव में उपस्थित रहे दूध दही माखन मिश्री के भंडार खोल दिये उत्सव में नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की के भजनों पर श्रोता जमकर झूमे नंद बाबा ने सर्वस्व दान कर रहे हैं और दान लेने वाले भगवान पर नोक्षावर कर रहे हैं आचार्य ने बताया कि कंस के द्वारा पूतना राक्षसी को बाल भगवान का वध करने के लिए भेजा तब भगवान ने पूतना राक्षसी के आंचल से विषपान कर पूतना उद्धार किया ब्रतासुर राक्षस के वध का प्रसंग सुनाया आचार्य ने भगवान की बाल लीलाओं का वर्णन करते हुए कहा की बाल गोपाल के मिट्टी खाने के आरोप पर जसोदा माता को भगवान ने अपने मुख मंडल में ब्रह्मांड के दर्शन कराए शिव द्वारा भगवान बाल गोपाल के दर्शन के लिए भेष बदलकर आने का बखान भजनों के माध्यम से किया आचार्य द्वारा माखन चोरी की लीलाओं का वर्णन करते हुए सजीव झांकियां सजाकर ग्वाल बाल कृष्ण की लीलाओं को दर्शाया गोपियों संग रास और माखन चोरी की लीलाओं का वर्णन किया ।

## होली मिलन समारोह कार्यक्रम संपन्न

करौली । करौली के शिव पैलेस में अपेक्स हॉस्पिटल जयपुर के द्वारा होली मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें प्रमुख लोगों ने भाग लिया।

रविवार को करौली शहर के शिव पैलेस में अपेक्स हॉस्पिटल जयपुर के द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया अपेक्स हॉस्पिटल के भूपराम शर्मा ने बताया कि अपेक्स हॉस्पिटल ने करौली में होली मिलन समारोह कार्यक्रम रखा

जिसमें शहर के कई प्रमुख लोग उपस्थित रहे जिनका हॉस्पिटल प्रतिनिधी भूपराम शर्मा द्वारा माला एवं साफा पहनाकर स्वागत सम्मान किया गया और गुलाल और फूलों के साथ होली खेली इस अवसर पर राजेंद्र शर्मा काली, प्रदीप शर्मा, कौशल सूरौठिया, हरिओम शर्मा, अवतार किशन, देवेंद्र शर्मा, केके शर्मा, राजू, संतोष, दुर्गेश शास्त्री आदि लोग उपस्थित रहे।

# महात्मा गांधी विद्यालय का हो रहा कायाकल्प

- **चार दीवारी के अब बनेगा आधुनिक प्रार्थना सभा स्थल**

भरतपुर। कस्वा लवाण महात्मा गांधी राजकीय उच्च माध्य विद्या में चल रहे निर्माण कार्य का प्रथम चरण कार्य के तहत चारदीवारी व तारबंदी का निर्माण कार्य पूरा हो गया,अब दूसरे चरण में आधुनिक प्रार्थना तथा आम सभा स्थल का कार्य शुरू होगा। कार्यों के पूरा होते ही विद्यालय का कायाकल्प हो जाएगा और कस्बे का सर्वश्रेष्ठ विद्यालय में शामिल हो जाएगा। विद्यालय में चल रहे निर्माण कार्य को लेकर समृद्ध भारत अभियान भरतपुर के निदेशक सीताराम गुप्ता और कस्बा लवाण के मूल निवासी व हरियाणा उद्योगपति रमेशचन्द खण्डेलवाल, भामाशाह कृष्णा खण्डेलवाल आदि ने बैठक आयोजित कर निर्माण कार्यों पर विस्तार से चर्चा करते हुए आगे की रूपरेखा तय की और विद्यालय परिवार सहित लवाण के गणमान्य नागरिकों से विद्यालय विकास व शिक्षा आदि पर चर्चाएं की। भामाशाह और उद्योगपति रमेशचन्द खण्डेलवाल ने बताया कि कस्वा लवाण मेरी जन्म भूमि है, तो फरीदाबाद (हरियााण) मेरी कर्म भूमि है। जन्म भूमि के महात्मा गांधी राउमावि का विकास कराना, महिला शिक्षा का बढावा दिलाना और कमजोर परिवार के मेधावी बालिकाओं की मदद करना मेरी पहली प्राथमिकता है। भरतपुर

निवासी मेरे मित्र व समृद्व भारत अभियान के निदेशक सीताराम गुप्ता के आठाह पर विद्यालय के विकास को एक करोड रूपए दिया गया। जिस राशि से प्रथम चरण का कार्य पूरा हो गया,दूसरे चरण में आधुनिक प्रार्थनासभा व सभा स्थल तथा तीसरे चरण में खेलकूद के मैदान,टीन सैड आदि का निर्माण होगा। समृद्व भारत अभियान के निदेशक सीताराम गुप्ता ने बताया कि जन्म भूमि से लगाव रखना और माता-पिता की मनोकामनाएं पूरी करने वाला व्यक्ति महान होता है। लवाण की धरा पर जन्म लेने वाले हरियाणा प्रान्त के उद्योगपति रमेशचन्द खण्डेलवाल व उनकी धर्मपत्नी कृष्णा खण्डेलवाल ने मेरे आठाह पर विद्यालय विकास को एक करोड रूपए दिया,जिस राशि से प्रथम चरण में चार दिवारी तथा तारबन्दी का कार्य पूरा हो गया। दूसरे चरण में प्रार्थनासभा , आम सभा स्थल का कार्य जल्द प्रारंभ हो जाएगा। उसके बाद खेल के आधुनिक मैदान, टीन सैड आदि कार्य होंगे। इस अवसर पर समृद्व भारत अभियान के प्रदेश प्रभारी पुनीत गुप्ता, सीडीपीओ महेन्द्र अवस्थी, विद्यालय के प्रधानाचार्य मुकेश जोशी, शिक्षाविद्व अनिल गौड, शिक्षाविद्व रामबाबू रावत, आदी मौजुद थे।

## अग्रवाल युवा सेवा समिति के निर्विरोध हुए चुनाव

गंगापुर सिटी । अग्रवाल भवन ट्रस्ट में अग्रवाल युवा सेवा समिति के चुनाव सम्पन्न हुए। चुनाव में कुल 21 नामांकन प्राप्त हुए। छह सदस्यों ने अपना नाम वापस लिया। इसके बाद 15 सदस्यीय कार्यकारिणी का गठन किया गया। सर्वसम्मति से सौरभ मंगल को अध्यक्ष चुना गया। गौरव कुमार गर्ग को उपाध्यक्ष बनाया गया। निखिल कुमार अग्रवाल को मंत्री और भुवनेश कुमार गर्ग को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। तरुण मंगल मंत्री और अंशुल गुप्ता संगठन मंत्री बने। योगेश कुमार गर्ग को सांस्कृतिक मंत्री और अक्षय बंसल को प्रचार मंत्री की जिम्मेदारी दी गई। गौरव कुमार गुप्ता वाचनालय पुस्तकालय मंत्री नियुक्त किए गए।कार्यकारिणी में एडवोकेट अनिकेत गुप्ता, अरविंद गुप्ता, डॉ. गौरव मंगल, दिव्यांक मित्तल, निकुंज कुमार गुप्ता और वेदप्रकाश गुप्ता को सदस्य बनाया गया। रिजुल कुमार गर्ग, तरुण गुप्ता और रवि कुमार बंसल को सहव्रत सदस्य चुना गया। चुनाव वेदप्रकाश गुप्ता और सतीश जी महासवा के निर्देशन में हुआ। अग्रवाल भवन ट्रस्ट के अध्यक्ष सुरेश रायपुर की उपस्थिति में सभी सदस्यों ने गोपनीयता की शपथ ली। सभी ने समाज हित में कार्य करने का संकल्प लिया। आयुष बजाज, शुधांशु गर्ग और शुभम बंसल के सहयोग से चुनाव निर्विरोध संपन्न हुआ। कार्यक्रम में अग्रवाल युवा संगठन उदेई मोड के अध्यक्ष ललित गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष दीपक कुमार गर्ग समेत अवनीश सिंघल, आदित्य गर्ग, सुभाष माइऋो और गौरव मित्तल उपस्थित रहे।

# हिण्डौन सिटी में मूर्ति अनावरण कार्यक्रम में हजारों लोग पहुंचे



**गोपाल सिंह राठौड की धर्मशाला एवं प्रतिमा का अनावरण किया गया।**

हिंडौन सिटी। समीप के गढ धवान गांव में रविवार सुबह 12 बजे से 4 बजे तक गोपाल सिंह राठौड की धर्मशाला एवं प्रतिमा का अनावरण किया गया।

कान सिंह राठौड एवं विक्रम सिंह राठौड ने गढ धवान ने बताया कि मुख्य के अतिथि टोडाभीम राम सिंह जी चंदलाई प्रदेश अध्यक्ष राजपूत सभा जयपुर अजय सिंह जिला अध्यक्ष करौली विधायक घनश्याम महर, राजपूत सभा अध्यक्ष रामसिंह सिंह चंदलई सवाई माधोपुर राजपूत समाज जिला अध्यक्ष दीपक सिंह नरूका जिला अध्यक्ष गोपाल सिंह हमावास आदि ने शिरकत की विधायक घनश्याम ने कहां की राजपूत समाज व 36 क़ौम के हित की बात करती है मूर्ति अनावरण कार्यक्रम से पहले मुख्य अतिथियों का ग्रामीणों ने पुष्प बरसाकर स्वागत अभिनंदन किया गया एवं माला साफा पहनाकर स्वागत किया एवं दूर-दूर से राजपूत समाज के लोगों ने शिरकत की एवं मंच संचालन भी हुआ इस दौरान हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे ठाामीणों की मांग पर टोडाभीम विधायक घनश्याम महर ने एक बोरवेल की घोषणा की गई । इस दौरान निम्न गांवों के सर्व समाज जैसे बालघाट भण्डारी जहां नगर मोरडा कमालपुरा धवान धौलेटा राजोली सहित आस पास गांवों के लोग पहुंचे इस मौके पर धीर सिंह जी संगठन मंत्री मोहन सिंह जी बगड़ आदि भी मौजूद थे।

# कर्नल से मारपीट का विरोध , दोषियों को गिरफ्तार किया जाए

## बैठक में पूर्व सैनिकों ने मारपीट घटना की कडी निंदा की

भरतपुर । जिला एक्स सर्विसेज लीग की मीटिंग हुई जिसमें विनोद कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि पटियाला में कर्नल पुष्पेंद्र बाठ और उनके बेटे के साथ पंजाब पुलिस के द्वारा की गई मारपीट के विरोध में एक बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में पूर्व सैनिकों ने इस घटना की कडी निंदा की और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की साथ ही पूर्व सैनिक संघ भरतपुर अध्यक्ष कर्नल केवीएस ठेनुआ ने यह निर्णय लिया है कि 26 मार्च 2025 को सुबह 11:00 बजे भरतपुर के जिला मजिस्ट्रेट को गृहमंत्री रक्षा मंत्री भारत सरकार मुख्यमंत्री सैनिक कल्याण मंत्री राजस्थान सरकार व अन्य के नाम एक ज्ञापन सौंपा जाएगा । इस ज्ञापन में पूर्व सैनिकों की निम्न मांगे शामिल है।

पंजाब पुलिस द्वारा कर्नल पुष्पेंद्र बाठ और उनके बेटे के साथ की गई मारपीट की घटना के निष्पक्ष जांच की जाए दोषियों को गिरफ्तार किया जाए और उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए पूरे भारत में पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों की सुरक्षा सुरक्षित की जाए ।

कर्नल केवीएस ठेनुआ ने सरकार को चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों को पूरा नहीं किया जाता है तो वह राष्ट्रव्यापी आंदोलन शुरू करेंगे इस बैठक में कर्नल के वी एस ठेनुआ अध्यक्ष पूर्व सैनिक संघ भरतपुर कर्नल ओमवीर सिंह अध्यक्ष पूर्व सैनिक संघ डीग कैप्टन ओंकार सिंह सूबेदार विजेंद्र सिंह सूबेदार ईश्वर सिंह हवलदार बलराम सिंह सूबेदार सुरेश सीपीओ लक्ष्मण सिंह हवलदार लखनलाल कैप्टन ओंकार सिंह हवलदार होप सिंह हवलदार मुरारी लाल सूबेदार सुरेश सिंह नायक राजेंद्र कुमार हवलदार पूरन सिंह हवलदार बलवंत आदि उपस्थित रहे।




**26 मार्च को भरतपुर के जिला मजिस्ट्रेट को गृहमंत्री रक्षा मंत्री भारत सरकार मुख्यमंत्री सैनिक कल्याण मंत्री राजस्थान सरकार व अन्य के नाम एक ज्ञापन सौंपेंगे।**


## कार्यालय उप वन संरक्षक एवं उप क्षेत्र निदेशक ( द्वितीय ) रणथम्भौर टाईगर रिजर्व करौली

क्रमांक:-एफ( )आरटीसीएफ/स्टोर/उवसं(द्वितीय)/2024-25/1448 दिनांक: 20.03.2025

### निविदा सूचना

| क्र. सं. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत लाखों में ( लगभग ) | अमानत राशि | निविदा शुल्क | निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने की तिथि एवं समय | निविदा प्रपत्र जमा कराने की अंतिम तिथि एवं समय | निविदा प्रपत्र खोलने की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | Computer System (All in one/Desktop PC)And Printer Purchase | 5,95,000/- | 12,000/- | 500/- | दिनांक 22.03.2025 से दिनांक 25.03.2025 समय 12:00 बजे तक | दिनांक 25.03.2025 समय 2:00 पी.एम. तक | दिनांक 25.03.2025 समय 4.00 पी.एम. |
| 2. | Purchase of Tracking (All in one/Desktop PC)And Printer Purchase | 3,30,000/- | 6,600/- | 500/- | दिनांक 22.03.2025 से दिनांक 25.03.2025 समय 12:00 बजे तक | दिनांक 25.03.2025 समय 2:00 पी.एम. तक | दिनांक 25.03.2025 समय 4.00 पी.एम. |
| 3. | Purchase of Rain Coat | 2,50,000/- | 5,000/- | 500/- | दिनांक 22.03.2025 से दिनांक 26.03.2025 समय 12:00 बजे तक | दिनांक 26.03.2025 समय 2:00 पी.एम. तक | दिनांक 26.03.2025 समय 4.00 पी.एम. |

(NIB No. FOR2425A3854, FOR2425A3855, FOR2425A3856

UBN No. FOR2425GSOB05288, FOR2425GSOB05289, FOR2425GSOB05290

नोट:- निविदा की शर्तें http://sppp.rajasthan.gov.in देखी जा सकती है।

भवदीय
उप वन संरक्षक उप क्षेत्र निदेशक ( द्वितीय )
रणथम्भौर टाईगर रिजर्व करौली